हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

11 राजिम के चचौद गांव का नाम 50 साल बाद भी...



12 पैरी नदी पर चल रहे पुल निर्माण की धीमी गति...





## खबर संक्षेप

### लोक अदालत, मध्यस्थता और साइबर अपराध पर दी जानकारी

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 9 नवम्बर को आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर एवं पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास गरियाबंद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के दिशा-निर्देश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित हुआ। तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार वासनीकर के मार्गदर्शन में हुए इस शिविर में बच्चों को कानून, अधिकार और कर्तव्यों से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बालाराम साहू ने बच्चों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के गठन, उद्देश्य और विभिन्न स्तरों पर कार्यरत प्राधिकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि हर नागरिक को निःशुल्क विधिक सहायता पाने का अधिकार है। उन्होंने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों के पालन की भी प्रेरणा दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कंवर ने किशोर न्याय बोर्ड, पॉक्सो अधिनियम, मोटर यान अधिनियम और साइबर क्राइम से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा और जिम्मेदारी दोनों का ज्ञान होना जरूरी है। शिविर में पीएलवी नेहरू टंडन और झारेन्द्र साहू ने नालसा और सालसा की विभिन्न योजनाओं बचपन बचाओ आंदोलन, नालसा डॉन योजना, वरिष्ठ नागरिक विधिक सेवा योजना 2016, नालसा जागृति योजना और निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से बताया।

### आज काना भैरव मंदिर में पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन



**राजिम।** बुधवार को कालाष्टमी पर्व के अवसर पर काना भैरव मंदिर गोवर्धनपारा में व्यापारियों द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण का आयोजन रखा गया है। संध्याकालीन सुंदरकांड समिति द्वारा पाठ किया जाएगा।

### सवारी को लेकर प्रतिस्पर्धा में 5 वाहन आपस में भिड़े

**अभनपुर।** अभनपुर-रायपुर मार्ग पर सीआईटी कॉलेज के सामने मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पांच वाहन आपस में टकरा गए। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना सवारी को लेकर बस चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण हुई। मिली जानकारी के अनुसार, आगे चल रही एक बस ने अचानक ब्रेक मार दी, जिससे उसके पीछे आ रही बस और उसके बाद एक हाईवा तथा दो कारें आपस में भिड़ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी वाहनों को भारी नुकसान हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, यातायात को नियंत्रित किया और जाम को खुलवाया।

### 13 व 14 को दो जलापूर्ति रहेगी बाधित

**महासमुंद।** जल शुद्धिकरण संयंत्र बेलसोंडा का मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने कारण मरम्मत कार्य जारी है। पाइप लाइन की मरम्मत के चलते 13 नवंबर गुरुवार को शाम एवं 14 नवंबर शुक्रवार को सुबह एवं शाम को जलापूर्ति बाधित रहेगी।

# धान उपार्जन केंद्र खोलने को लेकर किसानों ने दिया अल्टीमेटम, आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोदोबतर के अंतर्गत आने वाले किसानों ने लंबे समय से लंबित धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर अब आर-पार की तैयारी कर ली है। किसानों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान उपार्जन सत्र में कोदोबतर में नया केंद्र नहीं खोला गया, तो वे कल 12 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी पंटोरा के पास उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम करेंगे।

■ कोदोबतर में ग्रामीणों ने धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की



### नया धान केंद्र नहीं खोला गया तो आंदोलन जारी रहेगा

किसानों ने प्रशासन को पूर्व में कई बार ज्ञापन देकर इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस बार किसानों ने तय कर लिया है कि यदि इस सत्र में कोदोबतर में नया धान केंद्र नहीं खोला गया, लगातार आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम की जानकारी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य भीम निषाद, ग्राम पंचायत बारूका की सरपंच गैंदी बाई कंवर, ग्राम पंचायत घुटाकुनावापारा की सरपंच हीरा बाई ध्रुव और ग्राम पंचायत कोदोबतर की सरपंच, सरपंच संघ पूर्व अध्यक्ष मनीष ध्रुव सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे। इस दौरान जनपद सदस्य भीम निषाद ने कहा कि कई वर्षों से किसान इस मांग को दोहरा रहे हैं, पर अब तक प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। यदि इस सत्र में कोदोबतर में उपार्जन केंद्र नहीं खुला, तो किसान शांत नहीं बैठेंगे।

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा वर्षों पूर्व सोहागपुर समिति से पृथक कर कोदोबतर समिति का गठन किया गया था, किंतु आज तक वहां कार्यालय या उपार्जन केंद्र शुरू नहीं किया गया। जिससे कोदोबतर क्षेत्र के 14 ग्रामों के सैकड़ों किसानों को धान विक्रय के लिए हर वर्ष सोहागपुर उपार्जन केंद्र जाना पड़ता है। किसानों ने कहा कि सोहागपुर उपार्जन केंद्र में जगह की भारी कमी है, वहीं हर साल लगभग 95,000 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी होती है। जगह कम होने से उपार्जन कार्य कई बार रोकना पड़ता है, जिससे किसानों तौलाने में देरी, आर्थिक नुकसान और अनावश्यक परिवहन खर्च का सामना करना पड़ता है।

## मांग : सहकारी समिति कर्मचारी और ऑपरेटरों की हड़ताल 8वें दिन भी जारी, 4 सूत्रीय मांगें लंबित

# 18 समिति, 75 राशन दुकान में 8 दिनों से लटके ताले कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी तैयारी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का सम्भागीय स्तर पर संयुक्त रूप से चार सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आज 8वां दिन है। विगत 03 नवंबर 2025 से छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आह्वान पर अनिश्चित कालीन आंदोलन संभाग स्तरीय जारी है सरकार जबतक हमारी चार सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं करती है तो हमारे द्वारा धान खरीदी का बहिष्कार करते हुए हड़ताल जारी रहेगा

जिसमें पहला मांग समिति कर्मचारी संघ के द्वारा धान में सुखत समितियों द्वारा धान की खरीदी की जाती है और समय में धान का उठाव नही होने के कारण जो सुखत समिति में आता है उसकी भरपाई के लिए धान में सुखत दी जाय।दूसरा मांग वर्ष 2007 से समर्थन मूल्य धान खरीदी के कंप्यूटरीकरण के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती संविदा आधार पर की गई वर्ष दर वर्ष काम बढ़ता गया और शासन के द्वारा कैबिनेट के माध्यम से 12 माह किया गया इस वर्ष 25- 26 धान खरीदी की नीति में 18 वर्षो से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी किसका ऑपरेटर संघ द्वारा विरोध किया गया जिसके कारण आउटसोर्सिंग की भर्ती को धान खरीदी नीति से हटाया गया लेकिन इतने वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 6 माह का वेतन की बात की गई है जिसका ऑपरेटर संघ पुरजोर विरोध करता है और मांग करता है कि ऑपरेटर को 12 माह वेतन दिया जाए और निश्चित विभाग तय नियमितीकरण किया जाए। तीसरा मांग प्रबंधकीय अनुदान है जो कि मध्यप्रदेश शासन के तर्ज पर तीन तीन लाख रुपए प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को दे ताकि समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को समय में वेतन दिया जा सके।





### कर्मचारियों की सुनवाई नहीं

कंप्यूटराइजेशन के तहत कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का दिन रात मेहनत लिया गया है लेकिन इन्हीं कर्मचारियों के बदौलत ऑनलाइन पैक्स कंप्यूटरकरण को अंजाम देने पर भी आज तक इन कर्मचारियों की सुनवाई नहीं की गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी महासंघ और आपरेटर संघ दोनों के संयुक्त आवाहन पर 4 सूत्रीय मांगों पर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल रायपुर संभाग स्तर पर जिला महासमुंद हड़ताल किया जा रहा है जिससे छूरा ब्लाक की लगभग 18 सभी सहकारी समिति कार्यालय एवं सहकारी समिति के द्वारा संचालित लगभग 75 राशन दूकान बंद है।

### इनकी रही उपस्थिति

हड़ताल पर कर्मचारी जाने से किसानों की पंजीयन धान खरीदी की पूर्व तैयारी एवं धान खरीदी की बहिष्कार साथ साथ पूरी प्रदेश भर राशन दुकान बंद है जिससे आम नागरिकों को राशन नहीं मिलने पर प्रभावित होंगे। रामकरण त्रिवेदी, यशंवत यादव, भोजराम, चंद्र कूमार, छबी लाल, मनोहर, चरण सिंग, मानसिंग, दिलीप, चेतन, पूपेशवर, ओकेश, पंकज, अश्वनी, टेशकूमार, मनोज, राजू, अनीश मेमन, यदू राम, चेतन, रामसिंग, लकेश, गिरवर, नरेन्द्र, धनीराम ठाकुर, संतोष बिरपे, घनश्याम, लूकेशवर, दिलीप, चितरंजन चंद्राकर, सचीन, भूनेवर, तिलक पटेल, ओंकार उदेशवर कौशिक, सखा राम दिवान, लूकेशवर, देवकूमार पांडे, लोकेशवर साथ में शाखा खडमा और पांडूका पोंड और सडकडा समितियों के भृत्य चौकीदार विक्रेता लिपिक लेखापाल एवं समिति प्रबंधक हड़ताल पर अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

### धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन बंद

चौथा मांग सेवा नियम 2018 को आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू की जावे। एवं अपेक्स बैंक के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की भर्ती में 50 प्रतिशत भर्ती समिति कर्मचारियों को लिया जावे। इन्हीं चार मुद्दों को लेकर विगत 8 दिनों से छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले गए हैं जिससे समितियों में ताला लगा हुआ है शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरुवात होनी है जिसके लिए समिति में फड़ की साफ सफाई नही हो पा रही है सोसाइटी में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन पूर्णता बंद है जिससे किसानों को यदा कदा भटकना पड़ रहा है। शासन के संबंधित विभाग खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार गुहार लगा चुके हैं अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए मजबूर हैं 18 सालों से शोषित और वंचित डाटा एंट्री ऑपरेटर को उनका हक और अधिकार प्राप्त हो। एक तरफ सरकार से समृद्धि की चर्चा करते हुए तरह-तरह का आयोजन सरकार कर रही है दूसरी तरफ इतने वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का सुध लेने के लिए कोई सहकार नहीं है। हम ही ने बनाया है हम ही सवारेंगे की रीति नीति को लेकर आगे बढ़ने वाला भाजपा सरकार इस बात की अनदेखी कर रहा है की लगातार 18 वर्षों से कार्यरत कर्मचारीयों जिनका उम्र भी शासन की सेवा देकर निकल गया है तथा संवेदनहीन बनी हुई है तथा कोई मार्मिक नहीं है।

# दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे दो युवक सड़क हादसे का हुए शिकार




हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे स्वयं के गाड़ी में दो व्यक्ति मंगलवार को दोपहर हादसे का शिकार हो गए। यह दुर्घटना गाड़ाघाट के आगे नहर के पास हुई, जब अचानक सड़क पर आई महिलाओं को बचाने के प्रयास में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क में सामने अचानक दो महिलाएं आ जाने से चालक ने गाड़ी मोड़ने की कोशिश की, जिससे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 23 एल 9259 अनबैलेंस होकर सड़क के बीचों-बीच गिर गया। हादसे में दोनों सवारों को हल्की चोटें आई हैं, हालांकि बड़ी जनहानि टल गई। घायलों की पहचान वेद प्रधान, पिता जयधर प्रधान (35 वर्ष), निवासी खुटगांव, सुखचंद टांडी (40 वर्ष), निवासी हल्दी, ओडिशा दोनों दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे थे जब यह घटना घटी। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ। एंबुलेंस से पहुंचाए गए अस्पताल-स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि देवभोग क्षेत्र में लगातार हो रहे हादसा इसके दो दिन पहले भी टिकरापारा के पास सड़क दुर्घटना हुई थी। लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।



■ महिलाओं को बचाने के प्रयास में पलटी बाइक

# खसरा विवाद को लेकर भूख हड़ताल पर बैठा नागेश परिवार

**गरियाबंद।** अमलीपदर तहसील क्षेत्र के ग्राम खरीपथरा निवासी मुरहा नागेश एक बार फिर अपनी जमीन से जुड़े बंदोबस्त त्रुटि सुधार की मांग को लेकर सोमवार को परिवार सहित जिला मुख्यालय में भूख हड़ताल पर बैठ गया। इससे पहले भी मुरहा जुलाई माह में इसी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ चुका है, लेकिन समाधान न निकलने पर उसने दोबारा आंदोलन का रास्ता चुना है। मुरहा नागेश के नाम ग्राम खरीपथरा प.ह.न. 10 तहसील अमलीपदर की खसरा नंबर 478 और 622 में कुल 2.68 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। बताया जा रहा है कि 1954 से 1986 तक के मिशल रिकॉर्ड में यह जमीन खसरा नंबर 1/83 में दर्ज थी, लेकिन 1990 में बंदोबस्त सुधार के दौरान नया रिकॉर्ड बनाते समय यह जमीन दो हिस्सों खसरा नंबर 778 और 682 में विभाजित होकर अन्य किसानों जैसे मोतीराम आदि के नाम पर दर्ज हो गई। जिला प्रशासन ने इस त्रुटि को सुधारने के लिए 10 सदस्यीय राजस्व टीम गठित की है, जो पिछले कुछ दिनों से ग्राम खरीपथरा में रिकॉर्ड मिलान और बंदोबस्त सुधार का काम कर रही है। तहसीलदार सुशील भोई ने बताया कि जुलाई माह में फसल खड़ी होने के कारण भूमि मापन और सर्वे कार्य नहीं हो सका था। फिलहाल गांव में करीब 75 बंदोबस्त त्रुटियां हैं, जिनमें सुधार की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चल रही है।



# 115.5 लीटर महुआ शराब जब्त

**गरियाबंद।** कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 10 नवम्बर को वृत्त गरियाबंद अंतर्गत ग्राम बोकरमुडा (थाना पीपरछेड़ी) में की गई कार्रवाई के दौरान टीम ने 15.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। आबकारी विभाग ने बताया कि यह शराब रेवाराम सोरी पिता मकसूदन सोरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी बोकरमुडा के कब्जे से बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित अधिनियम 2011) की धारा 34(1)(ख), 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव, रजतचंद ठाकुर, मुख्य आरक्षक चंदलोल गायकवाड, आरक्षक पिताम्बर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम, महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू, वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप एवं कुलेश्वर निषाद का विशेष योगदान रहा।

# दशकों बाद भी नहीं हो पाया रसेला से छुरा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

क्षेत्र में पिछले 30 वर्षों से ग्रामीण जर्जर सड़क निर्माण के साथ चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं, जो अब तक पूरी नहीं हुई है। छत्तीसगढ़ में 5 साल में सरकार तो बदल जाती है, लेकिन एक क्षेत्र ऐसा है जिसकी क़िस्मत नहीं बदलती इस क्षेत्र के ग्रामीण छुरा से रसेला सड़कें इतनी खस्ताहाल है कि लोगों का सब्र अब टूट चुका है, ग्रामीणों की माने तो वो पिछले 30 सालों से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी ये मांग नहीं पूरी हुई, आरोप है कि छत्तीसगढ़ में इन 30 सालों में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों की सरकार रही है लेकिन किसी सरकार ने ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं नहीं की है। आपको बता दे कि रसेला से छुरा तक जाने वाली सड़क व पुल पुलिया खस्ताहाल है जो पड़ोसी राज्य उड़ीसा को भी जोड़ता है। इस राह पर कई हादसे होने के बाद कुंभकर्णी निद्रा से न नेता जागे न प्रशासन, इस सड़क कुल लंबाई 17 किलोमीटर है, लेकिन इस मार्ग को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उदासीनता देखी जा रही है। जिले के कई हिस्सो में सड़क निर्माण तो समय पर हुए हैं लेकिन इस मार्ग न बनने से क्षेत्र के लोगों की किस्मत नहीं बदली, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रिपेयर कर इतिश्री कर लेते हैं। मार्ग पर बने पुल पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकें हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं इस जर्जर मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर अब सियासत भी गरमाने लगी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता सडक चौड़ीकरण का काम जल्द से शुरू करने का आश्वासन बस दे रहे हैं। फिर भी नेता अपने दायित्व से बाज नहीं आ रहें हैं। क्षेत्र ग्रामीण जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, मिलन्तीन कुंजाम, सरपंच हेमलता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, विजय कृष्ण नागेश, रवि मरकाम, रूपादेवी ठाकुर, हेमलता ध्रुव, भोजराज नागेश, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम, वेदव्यास निषाद, केजूराम ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, जनकराम ध्रुव,बालकराम ठाकुर, गोवर्धन नागेश, सुरेन्द्र ठाकुर, ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, प्रतिराम सिन्हा, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा सहित सभी लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में कई प्रकार के परेशानियों से जूझना पड़ता है। इतना ही नहीं पुल पुलिया में पानी का स्तर ज्यादा होने पर बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाते उस दिन बच्चों की अवकाश हो जाता है। ढोडगा पुल में अक्सर बारिश के दिनों में पुल के उपर से पानी बहता है जिसके कारण अचानक स्वास्थ्य ख़राब होने पर मुख्यालय पहुंचने पर कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## मुख्य नहरों में निर्माण व मरम्मत कार्य के चलते रोक

# इस साल सिकासार और अन्य जलाशयों से रबी फसल के लिए नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले के सिकासार जलाशय सहित अन्य लघु जलाशयों से इस वर्ष रबी फसल के लिए सिंचाई हेतु पानी नहीं छोड़ा जाएगा। जलसंसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मुख्य नहरों एवं उपनहरों में व्यापक निर्माण और आवश्यक मरम्मत कार्य होने के कारण इस बार पूरे रबी सीजन में जलप्रदाय बंद रहेगा। जलसंसाधन संभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन ने बताया कि इस वर्ष विभाग द्वारा नहर प्रणाली की मजबूती और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें मुख्य जलद्वार, स्टॉप लॉक, लाइनिंग कार्य, पुल-पुलिया निर्माण, साथ ही सिल्ट सफाई, घास हटाने, गेट व कुलाबा मरम्मत और बैंक की मरम्मत जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नहरों की सुरक्षा और उनकी उम्र बढ़ाने के लिए यह कार्य आवश्यक है। यदि इस वर्ष मरम्मत नहीं की गई तो भविष्य में बड़ी क्षति और जल आपूर्ति में गंभीर समस्या आ सकती है।

■ किसानों से उनहारी फसल की तैयारी करने की अपील



### व्यवस्था अस्थायी रूप से बंद रहेगी

कार्यपालन अभियंता बर्मन ने किसानों से अपील की है कि वे इस वर्ष उनहारी (बारानी) फसल की तैयारी करें, क्योंकि पैरी मुख्य नहर दाईं ओर स्थित पाण्डुका, कोपरा, राजिम और फिंगेश्वर क्षेत्र के सभी माइनरों में जलप्रदाय संभव नहीं होगा। बताया गया कि पिछले दो वर्षों से लगातार रबी फसल के लिए सिकासार जलाशय सहित अन्य जलाशयों से किसानों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था, परंतु इस वर्ष यह व्यवस्था अस्थायी रूप से बंद रहेगी ताकि मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण हो सके और आगामी वर्षों के लिए जलाशय प्रणाली अधिक मजबूत बन सके।

खबर संक्षेप

## शहीद स्मारक में नई घास कटर मशीन की हुई पूजा



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नई घास कटर मशीन की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन और अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, समिति के महिला सदस्यगण मौजूद रहे।

## जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। 4 नवंबर से प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बीएलओ योजना यादव एवं सरपंच आज सुबह कलेक्टर विनय लंगेह के निवास पहुंचकर उन्हें गणना पत्र एवं घोषणा पत्र वितरित किए। इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण के दौरान ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र साहू, किशोर ध्रुव, बीएलओ योजना यादव, पंच शिव साहू मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान को लेकर बैठक कल

**महासमुंद।** महासमुंद की जीवनधारा सितली को उसके पुराने, स्वच्छ और निर्मल स्वरूप में लौटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान" को सफल बनाने के लिए 12 नवंबर बुधवार को शाम 4 बजे स्वाध्याय केंद्र सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। जहां सितली को स्वच्छ और निर्मल बनाने की व्यापक कार्ययोजना और क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की जाएगी। स्वाध्याय केंद्र समिति ने सभी आम नागरिकों, बुद्धिजीवियों और पर्यावरणविदों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में समय पर पहुंचकर अपने मूल्यवान विचार व्यक्त करें। शहर के सभी वर्गों के सक्रिय सहयोग और सुझावों से ही इस जन-अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

# स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, मैनपुर में राष्ट्रीयता व अनुशासन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में भारत स्काउटस एवं गाइड्स के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव के मंशानुरूप स्काउट गाइड को सक्रिय भागीदारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद जगजीत सिंह धीर एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के निर्देशानुसार डीओसी स्काउट आशीष साहू डीओसी गाइड सीमा साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश राम पटेल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का यह आयोजन किया गया एवं विकास खंड मैनपुर के समस्त प्राचार्य एवं स्काउट गाइड प्रभारीयों का समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें स्काउट गाइड दल पंजीयन, शुल्क की राशि का विकास खंड, जिला एवं राज्य में राशि का जमा करने, यूआईडी बनाना एवं आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव बिंद्रानवागढ़, अध्यक्षता योगेश शर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, विशेष अतिथि रामकृष्ण ध्रुव,



संतोष कुमार ध्रुव, संघ सदस्य हनीता नायक, सरपंच ग्राम पंचायत मैनपुर एवं एकता दीक्षित पंच के आदित्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का कार्यक्रम संपन्न किया गया। योगेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन व्यक्तित्व निर्माण एवं वफादारी सीखाता है जिसका हमारे जीवन में इसकी आवश्यकता है सभी इसमें जुड़े, विधायक जनक ध्रुव अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड में ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें जुड़े जिससे देश के प्रति, ईश्वर के प्रति एवं स्वयं के प्रति कर्तव्य का बोध करता हैं। जिससे राष्ट्रीयता कि भावना जागृत होता है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रार्थना सभा के पूर्व वंदे मातरम गीत गाया गया। रामप्रसाद साहू विकास खंड सचिव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा संपन्न पश्चात जिला सचिव एवं टीम के द्वारा सभी प्राचार्य एवं स्काउट गाइड प्रभारी का बैठक लिया गया। इसमें उपस्थित रहे विश्राम सिंह नागेश प्राचार्य सेजेस मैंनपुर, अख्तर खान प्राचार्य कन्या हाई स्कूल मैनपुर, गोविंद पटेल, प्रदीप सिन्हा, तेजराम कंवर, खम्भन लाल साहू, विष्णु राम सोम, प्रकाश कुमार देवांगन, दुर्योधन सिंह मांझी, नीरज बघेल, बूंदेश्वरी लोधी, शालू रानी ठाकुर, शशी साहू, दीप्ति गंजीर, मोहन धीवर, रोशन कुमार मनहर कमल किशोर ताम्रकार, गोविन्द सिंह मंडावी सूर्यप्रकाश केशरवानी आदि स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

### 15 लाख रुपए की लागत से दो सीसी रोड और 4 लाख से होगा पाइप लाइन विस्तार

# परतेवा को मिली 17 लाख के विकास कार्यों की सौगात, जनपद अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत परतेवा में जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो सीसी रोड और 4 लाख रुपए की लागत से बनने अंडरग्राउंड पाइपलाइन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परतेवा के सरपंच षटकोण साहू, उपसरपंच भिनेन्द्र साहू, सभी पंचगण राधेश्याम साहू, शतरूपा वर्मा, कामता साहू, गीतेश्वरी साहू, चेतन तारक, खेती वर्मा, चेतन लाल साहू, रूप दास वैष्णव, निशि साहू पूजा वर्मा, ताराबाई साहू, तुलसी भारद्वाज, गिरधर साहू, हेमपुष्पा साहू, सुमित्रा ध्रुव, गोविंद ध्रुव, जागेश साहू, और अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति कार्तिक राम साहू, सचिव झब्बू राम साहू, गुमान साहू कुशल वर्मा, होम कुमार साहू, पार्टी के कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विकास कार्यों के अंतर्गत ग्राम परतेवा के यादव पारा में 5 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएगी तथा अटल चौक से गजानंद साहू घर तक 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा जिससे रोजाना आवागमन करने



वाले ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं में विस्तार होगा। इसी प्रकार पुरानी बस्ती में 4 लाख रुपए की लागत से अंडरग्राउंड पाइपलाइन का निर्माण किया जाएगा।

### विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होगी

अंडरग्राउंड होने के कारण यह पाइपलाइन लीकेज और बाहरी प्रदूषण से भी सुरक्षित रहेगी। यह पहल गांव के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने ग्रामीणों को नए विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है। ये विकास कार्य उसी दिशा में समर्पित हैं। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है, विकास कार्यों के लिए अब धनराशि की कोई कमी नहीं होगी, विकास की गति लगातार जारी रहेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन में लगातार विकास कार्य इस क्षेत्र में देखने को मिल रही है जिसका प्रत्यक्ष लाभ यहां की जनता को हो रहा है।

### विकास कार्यों से गांव में सकारात्मक बदलाव आएगा

उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने कम ही समय में इन कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। सरपंच षटकोण साहू ने विकास कार्यों की सौगात के लिए जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू का आभार व्यक्त किया। और कहा कि इन विकास कार्यों के भूमिपूजन से गांव में खुशी और उत्साह व्याप्त है और अब हम ग्रामवासियों को यह उम्मीद जगी है कि इन विकास कार्यों से गांव में सकारात्मक बदलाव आएगा। पूर्व में भी ग्राम पंचायत लफंदी के 3 बार सरपंच पद पर रहते हुए जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने ग्राम में अनेक विकास कार्यों को फलीभूत किया है और विकास कार्यों की बदौलत ही उनकी पहचान होती है।

# विधिक साक्षरता का विशेष शिविर आयोजित



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर नगर में निम्न स्थानों पर विधिक साक्षात्कार शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राधिकरण के अध्यक्ष बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशन और सचिव अविनाश कुमार दुबे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। नगर मे 9 नवंबर को शिविर का आयोजन 1. प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रवास फिंगेश्वर 2.प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास,प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास फिंगेश्वर 4. नया बस स्टैंड फिंगेश्वर 5. देवार पारा फिंगेश्वर मे हुआ जिसमे 500 लोग शिविर मे लाभान्वित हुए।

शिविर में नालसा के निम्न योजना की जानकारी दी गई 1. पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दिया गया। 2. अभियान प्रयास के बारे में जानकारी दिया गया। 3. बचपन बचाओ आंदोलन के संबंध में जानकारी दिया गया। 4. साइबर अपराध से बचाव हेतु जानकारी दिया गया। 5. मुक्त कानूनी सहायता योजना 2025 की जानकारी दिया गया। 6. वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 की जानकारी दिया गया।7.महिलाओं के लिए हमर अंगना योजना की जानकारी दी गई।वही पर बाल विवाह प्रतिषेध,टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम,घरेलू हिंसा व गुड टच बैड टच का निःशुल्क विधिक सहायता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को उपरोक्त अपराध को लेकर नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100, बच्चों को हेल्प लाइन नंबर 1098 महिला हेल्प लाइन नंबर 181 तथा 1091 वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्प लाइन नंबर 14567 एवं साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में पैरा लीगल वालेंटियर कमलेश कश्यप थाना फिंगेश्वर, कोमल निषाद थाना राजिम, टिकेश्वर निषाद थाना छुरा, विक्रम सोनी थाना पाण्डुका एवं प्रेमलाल सिन्हा थाना गोबरा नवापारा, जिला गरियांबंद शामिल रहे।

# बाकू में जीता कांस्य पदक विधायक ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बाकू (अज़रबैजान) में आयोजित आईएफए वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में बागबाहरा के लीलेश प्रधान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करने वाले लीलेश का खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सम्मान किया।

पदक जीतने के बाद लीलेश ने विधायक कार्यालय पहुंच कर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात करते हुए प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। लीलेश ने बताया कि बाकू (अज़रबैजान) में आईएफए वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप जूनियर अंडर 18 मेन राइट 78 केजी में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर विधायक यादव ने उनका सम्मान किया।

## भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी तक नई सड़क बनाने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने ग्राम भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी तक नई सड़क बनाने की मांग की है।

कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भोरिंग से अछोली होते हुए बेलटुकरी रोड पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे यहां के ग्रामीणों को आने जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्कूली छात्र अपनी जान जोखिम में डाल के रोज इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। ये मार्ग पत्थर खदान के कारण भारी वाहनों द्वारा निरंतर खराब हो रहा है। इस मार्ग के लिए 18 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है। परंतु, अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसके संदर्भ में 3-4 बार ज्ञापन दिया जा चुका है। परन्तु, शासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह आवेदन शासन को अंतिम चेतावनी के रुप में दिया जा रहा है। यदि शासन प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द रोड के नवनिर्माण के लिउ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो छत्तीसगढ़िया कांति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला संयोजक बलरामकांत साहू, जिला महामंत्री योगेश पाटिल, जिला खंड अध्यक्ष मानिकचंद साहू, जिला खंड अध्यक्ष हुकेश्वर साहू, जिला खंड महामंत्री घनश्याम साहू, शहर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, हुलास साहू, दयाशंकर साहू, कलेश्वर साहू, पुष्कर साहू आदि शामिल रहे।

# ग्राम कमेटी का गठन, मन्नू लभराखुर्द और दिनेश बने कुकराडीह के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला व ब्लॉक महासमुंद के निर्देशन व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की अगुवाई में क्रमशः खट्टी अठगवा परिक्षेत्र के ग्राम लभरा खुर्द व तुमगांव अठगवा परिक्षेत्र तुमगांव के कुकराडीह तेंदूवाही में ग्राम कमेटी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि रेखराज बघेल जिला सचिव रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद व गणेश टंडन ब्लाक सचिव ने की।

पूर्वान्ह में आयोजित बैठक मंगलभवन लभराखुर्द में बाबा गुरुघासीदास के चरणों में मंगल पूजा से प्रारंभ हुआ। जिसमें ग्राम के महिलाओं व सगाजनों की सराहनीय उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता जिला सचिव रेखराज बघेल ने दादा नकुल देव ढीढी द्वारा समाज निर्माण की परिकल्पना को समझाते हुए दिवंगत भागवत कोसरिया व दिवंगत हीरालाल बंजारे को सतनामी समाज का आदर्श पुरुष बताया। समाज के प्रति उनके त्याग और समर्पण को विस्तारपूर्वक समझाया। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने सभी ग्रामो में सौहार्द्र छवियुक्त समाज निर्माण बनाने आह्वान किया। गणेश टंडन ब्लाक ने शिक्षा के महत्व को समझाया। पश्चात ग्राम कमेटी का गठन करते हुए मन्नू मनहरे अध्यक्ष, अमृत बंजारे, पूजा मनहरे उपाध्यक्ष, बालाराम बघेल सचिव, देवेंद्र सोनवानी कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी में गंगा राम बंजारे, उमा सोनवानी, बसंती बंजारे, हीरा भारती, संतोषी कुर्रे, भानमती बघेल, इंद्राणी बंजारे, कौशिल्या कुर्रे, शकुन कुर्रे सभी ग्राम लभरा खुर्द। पश्चात शाम को उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा ग्राम कुकराडीह तेंदूवाही में संयुक्त बैठक रखकर ग्राम कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से दिनेश बारले अध्यक्ष, छन्नू पात्रे, वीरगौतम बंजारे, कमल बिफोर, उषा सोनवानी उपाध्यक्ष, रोहित कुमार मारकंडे सचिव, आकाश बांधे सहसचिव, भारत जोगी मीडिया प्रभारी, नीलकंठ मारकंडे, कुमार डहरिया सरंक्षक, सेवादार, दयालदास भंडारी व कार्यकारणी में कामनी कुर्रे, नीरा मारकंडे, कुंती बंजारे, रजनी बंजारे, शंकर भारती, कन्हैया जोगी, इंदरमन खुंटे, दयालु मारकंडे, खेलावन जोशी, नंदकुमार मारकंडे, कुंवरलाल सोनवानी, संतोषी जोगी, लक्ष्मन कुर्रे का मनोनयन किया गया। बैठक को हर्षप्रताप मन्नाडे अध्यक्ष संघर्ष समिति निशा जोगी, ब्लाक अध्यक्ष संजू कुर्रे, अठगवा परिक्षेत्र अध्यक्ष द्वय कृष्ण कुमार नारंग, वेदराम गिलहरे ने अपने सामाजिक जनों को एकता के सूत्र में जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संचालन परिक्षेत्र सचिव द्वय देवकुमार जोशी व गोवर्धन खूंटे ने किया। इस अवसर पर लभरा खुर्द में खोमन मारकंडे कोषाध्यक्ष, चोलेश्वर मारकंडे, तीरथ जांगड़े, नरेश भारती, हरीश मांडले, ग्राम कुकराडीह तेंदूवाही में लोकनाथ कुर्रे,परमानंद बंजारे, बुधूराम मारकंडे संरक्षक, महेंद्र बांधे मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर बरोंडा बाजार में जागरुकता शिविर लगा

# छात्रों को शिक्षा के अधिकार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम पर 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला बरोंडा बाजार पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं




को कानून के जागरुकता विषयों पर अधारित जानकारी प्रदान की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जानकारी देते हुए बताया कि देश में हर वर्ष 11 नवंबर के दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमारे देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को समर्पित है। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी विद्वान और प्रख्यात शिक्षाविद अबुल कलाम आजाद की जयंती को लोग राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस सामाजिक समरसता और शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने ही स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में यूजीसी, आईआईटी, आईसीसीआर, आईसीएमआर, आईसीएसआर, साहित्य अकादमी, ललीत कला आकदमी, संगीत नाटक अकादमी जैसे संस्थानों की बुनियाद रखी। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस को मनाए जाने का सबसे बड़ा मकसद लोगों को शिक्षा के अधिकार और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक कराना है। इस दिन छात्र और शिक्षक साक्षरता के महत्व और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति अपने विचारों को साझा करते है। इसके अलावा 11 नवंबर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकारों मित्रों मोहित कुमार साहू, बाबी गंडेचा, प्रियतोष साहू ने शिविर लगाया।

# सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बावजूद आवारा कुत्तों की नसबंदी और गणना पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक ओर जहां देश की सर्वोच्च अदालत आवारा कुत्तों के आतंक से आम जनता को निजात दिलाने के लिए सख्त निर्देश दे रही है, वहीं दूसरी ओर जिले में विभाग इस दिशा में उदासीनता बरत रहे हैं। जिले में भी सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों का बेरोकटोक जमावड़ा लगा रहता है, जिससे शहरवासी, खासकर बच्चे और अस्पताल आने वाले लोग, भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ी है। कई साल में जिले में कुत्तों की



संख्या दोगुनी से अधिक हो गई हैं, और तब से अब तक कोई व्यापक नसबंदी या गणना अभियान नहीं चला है। जिला मुख्यालय सहित बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा और अन्य नगर पंचायतों में कुत्ते काटने की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी तरीका पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम है, जिसमें कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है वह भी ठप पड़ा हुआ हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश, फिर भी अनदेखी

आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि पर स्वतः संज्ञान लेते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को हटाने का सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी और टीकाकरण के बाद डॉग शेल्टर होम में भेजा जाना है, न कि उन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ा जाना, जैसा कि पहले के नियमों में होता था।

### जिले के निकाय क्षेत्रों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता

केवल नगर पालिका ही नहीं, बल्कि जिले के सभी नगर निकाय जैसे बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा और अन्य नगर पंचायतें भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं। निकाय क्षेत्रों में कुत्तों की सही संख्या का आंकलन करना। पशु चिकित्सा विभाग के समन्वय से नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम को तत्काल शुरू करना। पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद रखने के लिए निर्धारित आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना करने की आवश्यकता हैं।

# खबर संक्षेप

## संघ ने घेरा कलेक्टोरेट, 3 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माता वाहिनी समाज जन कल्याण संघ ने अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और रैली के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे आमरण अनशन और विधानसभा तक पैदल मार्च करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल रहीं हैं, जो उनकी मांगों के प्रति दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं। ज्ञापन में संघ ने उल्लेख किया है कि वे एक पंजीकृत स्वयं सेवी संगठन हैं और विगत 15 वर्षों से लगातार नशामुक्ति अभियान और जनकल्याण का कार्य निःशुल्क करते आ रहे हैं। संगठन भारत माता वाहिनी योजना जो कि छत्तीसगढ़ सरकार की नशामुक्ति अभियान योजना है, के तहत गांव-गांव में नशामुक्ति समितियों का गठन कर रहा है।

**बार-बार आश्वासन नहीं हुई कोई पहल :** संघ ने बताया कि मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी लगभग 500 सदस्य गए थे, जहां मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद कलेक्टर के द्वारा कोई पहल नहीं की गई। संघ ने बताया कि उन्होंने दिनांक 27/09/2023 से जिला मुख्यालय में आमरण अनशन शुरू किया था। छत्तीसगढ़ माता वाहिनी समाज जन कल्याण संघ को प्रदेश एवं जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान एवं समाज जन कल्याण का कार्य सौंपा जाए। विगत 15 वर्षों से भारत माता वाहिनी योजना के तहत ग्राम बिरकोनी, झारा, अछोली, खट्टा, परसाडीह, धनसुली, डूमरपाली, सरकड़ा, तुसदा, खुटेरी व अन्य गांवों में प्रतिदिन शाम को नशामुक्ति जागरूकता का प्रचार करने, गांव की छोटी समस्याओं को सुलझाने और निःशुल्क सेवा देने वाली टीम को भारत माता वाहिनी मद या अन्य विभागीय मद से मानदेय व आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए।

## कोमलराम साहू को दी गई श्रद्धांजलि



**राजिम।** राजिम क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता जिला पंचायत एवं राजिम भक्तिन माता समिति के पूर्व अध्यक्ष सेम्हरतरा निवासी कोमल राम साहू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालो में विधायक रोहित साहू, भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, डॉ. रामकुमार साहू, हरीश साहू, ईश्वरी साहू, सोहन साहू, लोकनाथ साहू, कमलेश साहू, महेंद्र साहू, सोमप्रकाश साहू, संजीव साहू, पन्नालाल साहू, पिंकी ठाकुर, ओमप्रकाश बंछोर, नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में परिवारजन एवं समाज के लोग शामिल थे।

## निधन

### सुदेश चतुर्वेदी



**मैनपुर।** मैनपुर नगर के युवा सुदेश चतुर्वेदी (चंकी) 36 वर्ष का निधन हो गया। ज्ञात हो कि सुदेश चतुर्वेदी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रायपुर में इलाज चल रहा था जिसका सोमवार को निधन हो गया। मंगलवार को मैनपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर व क्षेत्र के युवाओ व ग्रामीणों ने उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की है।

# वनांचल में बढ़ी ठंड, डॉक्टरों ने सलाह दी सेहत का रखे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वनांचल मैनपुर क्षेत्र में अचानक पिछले 3:4 दिनों से एकाएक ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ठंडी हवा से लोग कांप उठे है तेजी से तापमान गिर रहा है इससे लोगों के बीमार पड़ने की भी आशंका है। ऐसे में सभी को अपने सेहत का ध्यान रखना होगा। क्षेत्र के डॉक्टरो ने सेहत का ध्यान रखने सलाह दिया है। मौसम में उतार चढ़ाव के बाद एकाएक मौसम साफ हुआ तो अब इस वनांचल क्षेत्र में ठंड का असर दिखाई देने लगा शाम होते ही नगर सहित ग्रामीण इलाको के गांवो में जगह-जगह चौक चौराहों में ग्रामीणों को अलाव जलाकर तापते दिखाई दे रहे है वहीं सुबह बड़ी संख्या में युवा मॉनरिंग वॉक के लिए निकलने लगे है। मैनपुर वनांचल क्षेत्र में रात 8 बजे के बाद कोहरा छाने लगा है जंगल क्षेत्र के नदी नालो के पास काफी दूर तक कोहरे के कारण वाहनो के लाइट का भी असर नही पड़ रहा है और पास की चीज दिखाई नही दे रहा है घना कोहरा सुबह 7 बजे तक छाये रहता है जिसके कारण वाहनों को जंगल में ही सुरक्षा के लिहाज से वाहन चालक रोक देते है। घना कोहरा से मौसम सुहाना होने लगा है।



### गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी


ठंड प्रारंभ होते ही क्षेत्र में गर्म कपड़ो की मांग बढ़ गई है और दुकान सज गई है जहां स्वेटर, साल, कंबल, मफलर, टोपी के साथ ही चश्मा की जमकर बिक्री हो रही है। मैनपुर आशीश क्लाश स्टोर के संचालक आलोक गुप्ता ने बताया की उनके दुकान में 100 रूपए से लेकर 3 हजार रूपये तक के कंबल है और ठंड लगते ही कंबल व गर्म कपड़ो की मांग बढ़ गई है। अचानक ठंड बढ़ने से इन दिनो अस्पतालो में सर्दी खांसी के साथ ही बुखार के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे है बताया जा रहा कि मौसम सरद गरम होने के कारण इसका असर सेहत पर पड़ रहा है। मैनपुर के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने कहा की तेजी से मौसम बदलने के कारण इसका असर सेहत पर पड़ेगा इसलिए सभी लोगों को अपने खानपान और सेहत का ध्यान रखना होगा खासकर ऐसे मौसम मच्छर का खतरा ज्यादा रहता है।

**नाम की विसंगति से परेशानी:** स्कूल और राजस्व विभाग में नाम चचौद, ग्राम पंचायत में श्यामनगर

# राजिम के चचौद गांव का नाम 50 साल बाद भी राजस्व रिकॉर्ड में नहीं बदला, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम







प्रदेश में कई गांवों के नामों को आपत्तिजनक या भद्दा मानकर उन्हें बदलने की मांग लंबे समय से चल रही है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते यह प्रक्रिया धीमी है। राजिम तहसील के अंतर्गत आने वाले एक ऐसे ही गांव चचौद का मामला विशेष रूप से सामने आया है। इस गांव का नाम आधिकारिक तौर पर लगभग 50 साल पहले (1975 में) बदलकर श्यामनगर कर दिया गया था, लेकिन आज भी राजस्व रिकॉर्ड और शासकीय स्कूलों में पुराना नाम चचौद ही दर्ज है। बता दें कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से ऐसे सभी स्थानो की सूची मांगी है जिसके नाम किसी जाति,समाज या समुदाय को इंगित करते है। जो सुनने और बोलने में भी आपत्तिजनक महसुस होता है। आयोग के निर्देश के बाद राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजकर इन नामो की विस्तृत जानकारी एकत्र करने कहा है। विभाग को निर्देश दिया गया है कि गांव,वार्ड,मुहल्ले और गलियो के नाम की सूची तैयार की जाए जिनमें किसी जाति या धर्म का संदेश हो या आपत्तिजनक अर्थ देते हो। राजिम के आसपास कुछ गांव ऐसे है जिनका नाम बोलने में ही अपने आपमें अच्छा नहीं लगता। इन नामों में चचौद तो है ही इसके अलावा मगरलोड ब्लॉक में बेलौरा और चुचरुंगपुर तथा नवापारा से लगे एक गांव का नाम घोंट है। राज्य शासन के पहल पर ग्रामों के भद्दे एवं असुविधाजनक नामों के सुधार की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में श्यामनगर गांव का मामला विशेष रूप से सामने आया है, जहां राजस्व रिकार्ड एवं स्कूल रिकार्ड में आज भी चचौद नाम दर्ज है, जबकि आधार कार्ड और ग्राम पंचायत के समस्त दस्तावेज श्यामनगर नाम से ही जारी होते हैं। इस गांव के निवासी भाजपा के जिला महामंत्री वरिष्ठ नेता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामों के अप्रासंगिक एवं भद्दे नामों को बदलने का जो अभियान चल रहा है, वह सराहनीय है। श्यामनगर के राजस्व रिकार्ड और शासकीय प्राथमिक शाला में अब भी चचौद नाम दर्ज है, जबकि ग्राम पंचायत और आम बोलचाल में गाँव का नाम श्यामनगर ही है। इस विषय को आगामी ग्रामसभा में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा और प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

### जल्द से जल्द रिकार्ड में सही नाम दर्ज करें

ग्राम विकास समिति के वयोवृद्ध बृजलाल साहू ने बताया कि वर्ष 1975 में ग्राम का नाम श्यामनगर घोषित किया गया था। पंचायत स्तर पर नाम परिवर्तन लागू हो गया, किंतु राजस्व रिकॉर्ड और विद्यालय रिकॉर्ड में आज भी पुराना नाम ही दर्ज है। उन्होंने मांग किया है कि शासन जल्द ही इस त्रुटि का निराकरण करें। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुराने और नए नाम में अंतर होने से उन्हें कई शासकीय कार्यों में परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीण बताते हैं कि ऋण लेने, पासपोर्ट बनवाने, दस्तावेज सत्यापन समेत कई जरूरी कामों के दौरान आधार कार्ड और पंचायत रिकॉर्ड में श्यामनगर मिलता है, जबकि राजस्व विभाग चचौद नाम दर्ज कर देता है। इस विसंगति के कारण बार-बार दस्तावेज मिलान में समस्या उत्पन्न होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द रिकार्ड में सही नाम दर्ज कर इस महती समस्या को दूर की जाए। इस संबंध में राजस्व विभाग से संबंधित गांव की जानकारी लेने राजिम एसडीएम विशाल महाराणा को कई बार फोन लगाया गया लेकिन रिसीव्ह नहीं किया।

# 7 दिसंबर को असाक्षरों के लिए होगी बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा



**छुरा।** उल्लास नवभारत कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर करने के लिए विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के मार्गदर्शन, डीपीओ बुद्धविलास सिंह के निर्देशन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जानी है। अपने ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय अंतर्गत असाक्षरों का सर्वे कर सूची तैयार कर लेवें। उल्लास एप के माध्यम से जानकारी संचित करें। 10वीं, 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में चिन्हित करना होगा। स्वयंसेवी शिक्षकों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। महापरीक्षा अभियान अंतर्गत व्यापक परीक्षा 7 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए निर्देश प्रदान किए। अपार आईडी, आधार कार्ड पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र, बोर्ड परीक्षा पर भी विस्तारपूर्वक दिशा निर्देश दिया गया। बीपीओ किशन धीतेश ने उल्लास साक्षर भारत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नारा लेखन, जन जागरूकता कार्यक्रम द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार के लिए करने के लिए निर्देशित किया। परीक्षा की तैयारी, बैठक व्यवस्था के लिए समुचित जानकारी प्रदान की गई। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि शासन के महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के उन वयस्कों को साक्षर बनाना है जो औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित रहे हैं। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और कार्यात्मक साक्षरता बुनियादी शिक्षा द्वारा महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। बैठक में बेदराम पटेल, सर्वेश शर्मा, टीकम सिन्हा, संतोष साहू, देवनारायण यदु, चमन लाल नामदेव, नोहर पटेल, त्रिलोक साहू, धनेश्वरी मार्कण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

- कार्यात्मक साक्षरता एवं बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बैठक आयोजित

# मैनपुर-देवभोग के कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण, अधिकारियों ने छात्राओं से किया सीधा संवाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र सहित विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण राज्य कार्यालय नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक अजय देशपाण्डेय तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा गरियाबंद शिवेश शुक्ला द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रओं से भोजन, यूनिफॉर्म, पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित प्रश्न पूछे छात्रओं ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी साझा की। कस्तूरबा विद्यालय में अधिकारियों ने अधीक्षिका से चर्चा कर विद्यालय की समस्याओं की जानकारी ली अधीक्षिका द्वारा अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता बताई गई, जिस पर श्री देशपाण्डेय ने इसे यूडीआईएसई पोर्टल के माध्यम से मांग प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। यहाँ अधिकारियों ने लगभग 130 छात्रओं के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया, जहाँ छात्रओं ने "आज का समाचार" और "आज का विचार" प्रस्तुत किया। प्रार्थना में शामिल होकर छात्रएँ अत्यंत प्रसन्न हुईं और देशपाण्डेय सर से सीधे संवाद कर उत्साहित दिखीं। मैनपुर कस्तूरबा विद्यालय में श्री देशपाण्डेय एवं श्री शुक्ला ने छात्रओं की कक्षाओं में जाकर उन्हें प्रेरित (मोटिवेट) किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन सफलता की कुंजी है। देवभोग कस्तूरबा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान छात्राएं अधिकारियों के प्रश्नों का सहजता और प्रसन्नता से उत्तर दे रही थीं अधिकारीगण छात्राओं की सक्रियता और जागरूकता देखकर संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने छात्राओं से उनकी रुचियों (हॉबी) के विषय में जानकारी ली और उन्हें अपनी रुचियों पर ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिए गए कि छात्राओं की जरूरतों पर विशेष ध्यान दें और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करें। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और अध्ययन वातावरण की सराहना करते हुए अधिकारियों ने इन व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

# भाजपा मंडल खडमा में पूर्व विधायक संतोष ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जिताने का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)




छत्तीसगढ़ भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल खडमा में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया था जिसमें प्रमुख प्रभारी के रूप में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने भाजपा मंडल खडमा के पोलिंग बूथ अध्यक्ष बीए02 शक्ति केन्द्र संयोजक सह संयोजक प्रभारी सह प्रभारी मंडल के पदाधिकारी गण को मतदाता पुनरीक्षण एवं गहन कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमें उन्होंने कहा बहरी मतदाता को पहचान कर अपने सही व्यक्ति को मतदाता बनने में सहयोग कर गांव -गांव में हर परिवार से मिले पहचान कर नाम जोडे जो बाहर के लोग हैं उन्हें पुछ परख के मतदाता सूची पुनरीक्षण तैयार करें जो संगठन ने दायित्व दिया है उसे पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करें। कार्यशाला में जिला भाजपा उपाध्यक्ष केसरी ध्रुव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर, भाजपा मंडल खडमा के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा पीलु राम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष पांडुका संदीप पाण्डेय, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, विष्णु नागेश, पुष्पा लता सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष रमन नामदेव, रूपेश्वर साहू, लता साहू, पुर्णिमा कंवर, शक्ति केन्द्र प्रभारी जगन्नाथ पाण्डेय, लक्ष्मन वर्मा, शक्ति केन्द्र संयोजक गुलशन सिन्हा, तुका सिन्हा, कैलाश साहू, उमेंद सिंह दीवान, गोविन्द यादव, धनीराम, पोलिंग बूथ अध्यक्ष रवि साहू, मानसिंग दीवान, मुकेश पटेल, डोमन विश्वकर्मा, घनश्याम साहू, रामप्रसाद सांडील, ओमप्रकाश साहू, राजकुमार ध्रुव, भीखम नेताम, वेष ठाकुर, मुलचंद साहू, सोमन यदू और जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# स्वदेशी ज्ञान परंपरा और मानवता का पुनरुत्थान पर विशेष कार्यक्रम




**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर "स्वदेशी ज्ञान परंपरा और मानवता का पुनरुत्थान" विषय पर कला एवं मानविकी संकाय द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता एवं आईक्यूएसी निदेशक डॉ. एन. कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष विश्वास एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ. मुमताज परवीन द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. एन. कुमार स्वामी ने शिक्षा के महत्व एवं मानव जीवन में इसके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के विकास की सबसे सशक्त आधारशिला है। डॉ. शुभाशीष विश्वास ने शिक्षा और मानवीय मूल्यों के पारस्परिक संबंध पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही संवेदनशील और नैतिक समाज का निर्माण कर सकता है।

मुख्य वक्ता डॉ. मुमताज परवीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान दिलाने की पहल है। यह आत्मनिर्भर भारत और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को मूर्त रूप देती है। उन्होंने सामूहिक मानवता के नैतिक मूल्यों, सहानुभूति और आत्मचेतना के विकास पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं विप्लव गोस्वामी, ममता नेताम, दुर्गा, लीना यदु और खिलेश्वरी ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने शिक्षा के माध्यम से समाज-निर्माण और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार साहू, डॉ. जब्बार अहमद, डॉ. संध्या बिसेन, अशोक कुमार साहू, मुकुल ठाकुर, भामती साहू एवं कविता साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संयोजन कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. एन. कुमार स्वामी एवं डॉ. शुभाशीष विश्वास ने कला एवं मानविकी विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे सार्थक आयोजनों के लिए प्रोत्साहित किया।

- आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# आल इंडिया रैंक से एमबीबीएस में चयनित हुई कुमारी कोपल



**राजिम।** गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी पाण्डुका की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी कोपल साहू ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक के साथ सफलता प्राप्त कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर टाटा, झारखंड में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। ग्राम पचपेड़ी निवासी डॉ. टुकेश्वर साहू की सुपुत्री कोपल साहू की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर है। कोपल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत, लगन व आत्मविश्वास को दिया है। कुमारी कोपल का एमबीबीएस में चयन होने पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अपने निवास पर शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान एवं स्वागत किया। इस अवसर पर नगर साहू संघ के अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद बलराम यादव, पूर्व पार्षद अरविंद यदु, युवा नेता कुणाल गोस्वामी, यांशु साहू, मोक्ष साहू, प्रांशु साहू, प्रणति साहू, दुआ साहू एवं कथा वाचक पंडित सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे। पं. मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ कोपल को आशीर्वाद प्रदान किया। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि कु. कोपल साहू ने यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी कठिन परिश्रम और समर्पण से हर बड़ा सपना साकार किया जा सकता है। कोपल साहू की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे वनांचल क्षेत्र और समाज का नाम गौरवान्वित किया है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### आज भी दाल व चटनी पीसने के लिए पत्थर के सिल का उपयोग



**मैनपुर।** आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में आज भी दाल और चटनी पिसने के लिए पत्थर के देशी स्टाइल का उपयोग किया जाता है इससे पिसने वाली दाल और चटनी का एक अलग ही स्वाद होता है।

### नवाचार या मजबूरी...



**मैनपुर।** मैनपुर नगर में मंगलवार को एक ग्रामीण व्यक्ति को अनोखे ढंग से दो साइकिलें घर ले जाते हुए देखा गया। यह दृश्य लोगों के बीच कौतूहल का विषय बन गया। दरअसल, ग्रामीण ने मैनपुर बाजार से एक नई साइकिल खरीदी। अब नई साइकिल को घर तक ले जाने के लिए उसने कोई अन्य साधन नहीं अपनाया, बल्कि अपनी पुरानी साइकिल का सहारा लिया।

### पचेड़ा में ट्रांसफार्मर से सामानों की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफर के सामानों की चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खट्टी के जूनियर इंजीनियर प्रखर चंद्रवंशी ने बताया कि 7-8 नवंबर को वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल, कोर, कॉपर वायर, आयल, नट बोल्ट एवं तांबा के सामानों कीमत लगभग 45 हजार रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली।

### अनियंत्रित ऑटो पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर ऑटो के पलटने से चालक की हुई मौत के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक नितेश हरपाल पिता स्व गोपीनाथ हरपाल (35 वर्ष) वार्ड न. 30 नया रावण भाठा महासमुंद का मर्ग जांच किया गया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक आटो चालक नितेश हरपाल 06.08.2025 की रात्रि 9 बजे आटो क्र सीजी 06 एचए 1956 को लेकर महासमुंद से खैरा की ओर जा रहा था। शिवालय पार्क कालोनी महासमुंद एनएच 353 रोड खैरा के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से ऑटो अनियंत्रित होकर रोड में बना डिवाइडर से टकरा गई। ऑटो पलटने से चोट आने के बाद चालक को एक निजी अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया, जहां इलाज दौरान 07/08/2025 को उसकी मौत हो गई।

### जनसंपर्क के दौरान किसानों और मजदूरों की समस्याओं को सुना, खेत का जायजा लिया

# पैरी नदी पर चल रहे पुल निर्माण की धीमी गति पर विधायक ने अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट, देहारगुड़ा व कई ग्रामो के सघन जनसंपर्क में पहुंचे जहां ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। क्षेत्र के किसानो ने पिछले दिनों बेमौसम बारिश आंधी -तूफान से धान और मक्का की फसल गिरकर चौपट होने की शिकायत विधायक से किया साथ ही किसानों ने अब तक मुआवजा नहीं मिलने की बात कही जिस पर विधायक जनक ध्रुव खेतों में पहुंचकर धान की कटाई कर रहे किसान मजदूरों के साथ चर्चा किया धान और मक्का की फसलों को देखा। इस दौरान किसानों ने बताया कि इस वर्ष धान की फसल में तरह-तरह के कीट प्रकोप से भी किसान परेशान हो गए हैं और तीन दिनों बाद धान खरीदी प्रारंभ होना है लेकिन अभी तक सैकड़ों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। सहकारी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण धान खरीदी केन्द्रों में ताला लगा हुआ है किसानों का पंजीयन व अन्य जरूरी कार्य अटक गया है जिसके कारण किसानों को धान बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान जनक ध्रुव ने संबंधित विभाग के अफसरो को फोन लगाकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया हैं।





### धान कटाई कर रहे किसान मजदूरों से हालचाल जाना विधायक

मैनपुर क्षेत्र के हरदीभाठा, छुईहा, गौरघाट, देहारगुड़ा आदि ग्रामों में खेतों के निरीक्षण के दौरान धान कटाई कर रहे मजदूर किसान अपने बीच विधायक जनक ध्रुव को अचानक पाकर खुशी से गदगद हो गए और विधायक जनक ध्रुव ने सभी से हालचाल पूछा और कोई समस्या हो तो उन्हे अवगत कराने को कहा है। जिस पर ग्रामीण महिलाएं और किसान बेहद खुश नजर आए साथ ही उन्हे अवगत कराया कि जब से हाफ बिजली योजना बंद हुआ है तब से बिजली बिल से परेशान हो गए हैं साथ ही मजदूरों के लिए भी चलाए जा रहे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिलने की बात बताई।

### पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर नहीं दिया जा रहा ध्यान: ध्रुव

क्षेत्र के निरीक्षण में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की आज इस क्षेत्र के दौरे में पहुंचे थे। इस दौरान किसानो ने कई समस्याओं से अवगत कराया। क्षेत्र में फसल क्षति का अब तक न तो मुआयना किया गया और न ही किसानों को सरकार की तरफ से राहत प्रदान की गई धान खरीदी केन्द्रों में कोई व्यवस्था अभी तक नहीं किया गया है। कर्मचारी हड़ताल में है सैकड़ों किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। धान खरीदी में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। श्री ध्रुव ने कहा की पैरी नदी में लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग द्वारा पुल निर्माण किया जहा रहा है। संबंधित निर्माण एजेंसी और अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। धीमी गति से निर्माण कार्य मनमाने ढंग से किया जा रहा है कोई अफसर देखने वाला नहीं है साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पुल निर्माण के निरीक्षण में पहुंचे विधायक, जमकर भड़के

पैरीनदी देहारगुड़ा में करोड़ो रूपये की लागत से लोक निर्माण सेतु संभाग द्वारा पिछले डेढ़ वर्षों से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति से पुल निर्माण कार्य 50 प्रतिशत भी पूर्ण नहीं हुआ है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा विधायक जनक ध्रुव से किया गया तो विधायक जनक ध्रुव तत्काल पुल निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे जहां अब तक पुल निर्माण से संबंधित कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिस पर विधायक ने जमकर नराजगी जताई और पुल निर्माण के धीमी गति पर संबंधित विभाग के अफसर को फोन लगाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा है। साथ ही जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा करने को कहा है नहीं तो मामले की शिकायत करने की बात कही है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, डोमार साहू, पवन दीवान एवं क्षेत्र के सरपंच जनपद सदस्य व जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डीजे डांस स्पर्धा में नित्या डांस ग्रुप भिलाई ने बाजी मारी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी में प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन शुभ अवसर पर रात्रिकालीन नाचबो अऊ नचाबो डीजे डांस सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, अध्यक्षता कर रहे छत्तरसिंह ठाकुर विशेष अतिथि सुखबती टाण्डे जनपद सदस्य, डेमेश्वर दीवान सरपंच, विशिष्ट अतिथि बिशाखा ठाकुर उपसरपंच, मंजू ठाकुर पंच, उमान ठाकुर, ओंकार सेन, रेवा ठाकुर, शीतल ध्रुव, उपसरपंच संघ अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, लक्ष्मण वर्मा, पुनिताराम ठाकुर, संतराम ठाकुर सहित मंच पर मंचसीन रहे। मंच पर सभी आमंत्रित अतिथियों का पीला चावल व बैंच लगाकर स्वागत सम्मान समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा की प्रतिभागियों की कला का सराहना करते हुए कहा कि डांस करने वाले कलाकारों का अपनी कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है, जिसमें डांस दिखाने का अवसर मिलता है। सामूहिक, एकल, युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं, वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ ईनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है।

- डीजे डांस प्रतियोगिता का जिपं वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने किया शुभारंभ

### एकल डांस ग्रुप में जानहवी प्रथम

इस भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता में कुल 35 टीमों ने भाग लेकर अपनी अपनी कला की प्रस्तुति दी गई। जिसमें सामूहिक डांस ग्रुप में प्रथम स्थान नित्या डांस ग्रुप भिलाई ने 10000 रूपए नवयुवक सीमित ग्राम गिधनी के द्वारा प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार हीरामन ठाकुर, उमेश चन्द्राकर एवं महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा 7001 रुपए माता के महिमा डांस ग्रुप राजनांदगांव को मिला। तृतीय स्थान पुष्पांजली डांस ग्रुप आमानारा, कातुक ठाकुर के द्वारा 5001 रुपए के द्वारा प्रदान किया गया। चतुर्थ स्थान जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बस्तर, अनुज ठाकुर (शिक्षक) के द्वारा 2001 प्रदान किया। इसी तरह युगल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान साधना सरगम डांस ग्रुप जांजगीर चांपा महेश यादव के द्वारा 5001 रुपए दिया गया। द्वितीय पुरस्कार सिया के डांस ग्रुप कनेकेरा महासमुंद, बिशाखा ठाकुर उपसरपंच के द्वारा 3001 रूपए प्रदान की गई। तृतीय स्थान चुरकी मुरकी डांस ग्रुप पिथौरा महासमुंद को 2001 रुपए हर्षद ठाकुर ने प्रदान किया। चतुर्थ स्थान मानिक हीरा डांस ग्रुप सुनसुनिया बागबाहरा को 1001 रुपए वेदराम ठाकुर ग्राम पटेल ने दिया। एकल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान पर बाजी मारी जानहवी बलौदाबाजार 3001 रूपए छतर ठाकुर के द्वारा दिया गया। द्वितीय स्थान सूरज निषाद झलप पिथौरा 2001 रूपए बेदु ठाकुर के द्वारा दी गई। तृतीय स्थान प्रिया ठाकुर बुंदेली परसदा, 2001 रूपए भीखम पटेल के द्वारा दी गई, चतुर्थ स्थान भाग्य लक्ष्मी बिलासपुर 801 रुपए खेमराज ध्रुव के द्वारा दी गई, निर्णायक के रुप में हेमलाल ठाकुर, तरुण ठाकुर, कोमल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को देखने आसपास क्षेत्र के लोग बढ़ी संख्या में सुबह होते तक आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गैंदलाल ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, गोकुल ठाकुर, यशपाल ठाकुर, मुकेश सेन, पुनित नेताम, कमलेश ठाकुर, यादराम ठाकुर, उमेश, नरोत्तम, भुपेश, अजय, लोकेश, रोहन, नागेंद्र, पंकज, श्रावण, सहित समिति के सभी सदस्यगण और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

### मुड़ागांव अंचल में सेहत बना रहे हैं ग्रामीण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों अंचल में कड़ाके के ठंड पड़ने लगी है और ठंड के मौसम में सेहत बहेतर बनाने के लिए ग्रामीण सुबह के समय मार्निंग वॉक पर निकल कर गुलाबी ठंड का आनंद ले रहे हैं। गुलाबी ठंड शरीर में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को कई फायदे मिलते हैं, जैसे तनाव कम होना, बेहतर नींद आना, वजन नियंत्रित होना, दिल और फेफड़ों का स्वास्थ्य बेहतर होना और पाचन में सुधार होना सुबह की सैर आपको दिन भर के लिए ऊर्जावान महसूस करती है और एकाग्रता बढ़ती है। सुबह के शांत और ताजे मौसम में निकलने वाली ठंडी हवा से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और उत्पादकता बढ़ती है। इसके कई फायदे हैं, जैसे कि विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत, स्वच्छ हवा, बेहतर शारीरिक के और मानसिक एकाग्रता और दिन की शुरुआत के लिए एक सुसंगत दिनचर्या रहती हैं। इसलिए यहां बच्चे, बूढ़ा, जवान आदि सभी लोग सड़कों पर ठंडी हवा में सेहतमंद हो रहे हैं। मुड़ागांव रानीपरतेवा के मध्य सुखा नाला पुल पर अक्सर इन लोगों का दिनचर्या हमेशा रहता है, चाहे ठंड का मौसम हो या गर्मी का मौसम जिसमें प्रमुख रूप से छोटेलाल सिन्हा, केशव निषाद, विनोद अडवंशी, रूपेश यादव, योगराज मरकाम, ठाकुरराम, गिरवर निषाद, नरेंद्र बया, जीवराखन ध्रुव, खुमन सिंग ध्रुव, रेखराम ध्रुव सभी सुबह नदी के पुल पर पहुंचते हैं।



## जीवन में शिक्षा का होता है अहम स्थान : साहू



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि व्यक्ति का जीवन उसकी शिक्षा पर निर्भर होता है। जीवन में शिक्षा का सबसे अहम स्थान होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिवर्ष 11 नवंबर को भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है।मौलाना अबुल कलाम आजाद कवि, लेखक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा से व्यक्ति को ज्ञान, उदारता, समझदारी और सोंचने की क्षमता मिलती है अतः शिक्षा से समाज में समृद्धि और सामाजिक उत्थान होता है। व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति संभव है। कार्यक्रम का संचालन छात्र हसीना निषाद (बारहवीं) ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राधाकृष्ण मंदिर का वृंदावन कुंज बना हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक, एक साथ खाई भोजन प्रसादी

**नवापारा-राजिम।** श्री राधाकृष्ण मंदिर का वृंदावन कुंज मंगलवार को हिंदु-मुस्लिम एकता का एक बार फिर मिशाल बना। यहां विभिन्न जाति समुदाय के लोगो को रोज भोजन प्रसादी में आमंत्रण किया जाता है। मंगलवार को मुस्लिम समाज को आमंत्रित किया गया था। समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकार मोहन गोपाल, गिरधारी अग्रवाल ने मंच में मुस्लिम भाईयो का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगो ने भी श्री अग्रवाल बंधुओं और मंच में मौजूद ट्रस्टियो का फुल माला पहनाकर स्वागत कर गले मिले। सभी लोग साथ बैठकर एक साथ खाना खाए। इस दृश्य को देखकर शहरवासियो ने खूब प्रशंसा किया। वैसे भी पूरे छत्तीसगढ़ में नवापारा-राजिम शहर को समरसता के लिए जाना जाता है और नवापारा में तो हिंदु और मुस्लिम समाज के लोग आपस में मिलकर रहते है। मुस्लिम समाज के सदर अल्तमश सिद्धिकी, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मो शफीक भाई सहित मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सभी हिंदु भाईयों ने हृदय से स्वागत किया। भोज कार्यक्रम का यह 9वां दिवस था। इस अवसर पर गायत्री परिवार, पिंजारा समाज, जायसवाल समाज, बया समाज, कायस्थ समाज सहित शहर के सभी सरकारी संस्थानों के अधिकारी, कर्मचारी, स्टाफ जिसमें स्वास्थ विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, एफसीआई, बैंक, तहसील, पोस्ट आफिस शामिल था। सभी आमंत्रित किए गए थे।






भोज प्रसादी कार्यक्रम के दौरान शहर के सभी पत्रकारो का सम्मान मंच में मंदिर ट्रस्टी की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। इस अवसर पर पत्रकारो में विशेष रूप से रमेश पहाड़िया, श्यामकिशोर शर्मा, वेदप्रकाश तिवारी, रमेश चौधरी, विनोद जैन, आलोक पहाड़िया, लीलाराम साहू, प्रवीण साहू, बिसेसर हिरवानी, तुकाराम कन्सारी, प्रवीण देवांगन, श्रीकांत साहू शामिल थे जिनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद शहर के वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंग, डॉ. राजेन्द्र गदिया, डॉ. टीएन रमेश, डॉ. पुनीत गोस्वामी, डॉ. तेजेन्द्र साहू, डॉ. अनुज जैन, डॉ. लाल मेडम, न्यूरो थेरेपी स्पेशलिस्ट डॉ. प्रमोद साहू का सम्मान किया गया। खास बात यह रहा कि गायत्री परिवार के लोग वेद माता गायत्री की तस्वीर लेकर पीले परिधानों में बाजे-गाजे के साथ पहुंचे थे। इनका सम्मान ट्रस्टी मोहनलाल, गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने पुष्पवर्षा कर किया।

### जल जीवन मिशन से सेम्हराडीह में हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

# जल जीवन मिशन से बदल रहा ग्रामीण जीवन यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेम्हराडीह में अब हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करते हुए जीवन स्तर में अभूतपूर्व सुधार किया है। इसी कड़ी में ग्राम सेम्हराडीह की श्रीमती कोयल साहू के घर तक नल जल कनेक्शन पहुंचने से उनके परिवार का जीवन पूरी तरह बदल गया है। पहले उन्हें रोजाना पीने और उपयोग के पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। बोरिंग से पानी लाना, कपड़े धोने के लिए नहर तक जाना और कभी-कभी नहाने के लिए सड़क किनारे असुविधा का सामना करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। कई बार पानी का स्रोत गंदा हो जाने से उन्हें स्वच्छ पानी के लिए भटकना पड़ता था। लेकिन आज जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन से उनकी जिंदगी में सुखद बदलाव आया है। अब घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। कपड़े धोने, नहाने और पशुओं को पानी देने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

**खास बातें**

- कोयल साहू के घर तक नल कनेक्शन से बदली दिनचर्या
- महिलाओं के श्रम, समय और स्वास्थ्य को मिली राहत



### पानी की समस्या का समाधान

उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पहले पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब घर में नल लगने से बहुत राहत मिली है। सरकार की इस योजना ने हमारा जीवन आसान बना दिया है। कोयल साहू जैसी अनगिनत ग्रामीण महिलाएं आज इस योजना की बदौलत आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस कर रही हैं। जल जीवन मिशन ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है बल्कि महिलाओं के श्रम, समय और स्वास्थ्य की भी सुरक्षा की है। यह सफलता कहानी इस बात का प्रमाण है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का ग्रामीण जीवन तेजी से बदल रहा है। 'हर घर नल हर घर जल' का सपना अब हकीकत बन चुका है तथा सेम्हराडीह गांव इसका जीवंत उदाहरण है।

